# इंडिया SME फोरम ने फ्यूचर प्रूफिंग रिटेल समिट के भागरूप रिटेलर्स और ट्रेडर्स के लिए डिजिटलीकरण अभियान शुरू किया

## *यह अभियान गुजरात में 30 अगस्त से शुरू होगा*

गुजरात, 25 अगस्त :

भारत का सबसे बड़ा गैर-सरकारी, छोटे और मध्यम व्यवसायों के लिए गैर-लाभकारी संगठन इंडिया स्स्ब्ध फोरम(ढ्ढस्स्न), रिटेलर्स(खुदरा विक्रेताओं) और व्यापारियों के लिए डिजिटलीकरण अभियान शुरू कर रहा है। बिजनेसवाइज द्वारा समर्थित यह पहल अहमदाबाद में मंगलवार, 30 अगस्त, 2022 को फ्यूचर प्रूफिंग रिटेल समिट से शुरू होगी और आगामी महीनों में इसका विस्तार कई अन्य शहरों में होगा।

इस डिजिटलीकरण अभियान में उद्योग के विशेषज्ञों, व्यापारियों, रिटेलर्स, ष्ट्रङ्गह्य और शिक्षाविदों की भागीदारी देखी जाएगी। जिससे रिटेलर्स को उपलब्ध अवसरों पर शिक्षित किया जा सके। साथ ही पुरानी आपूर्ति श्रृंखलाओं का पुनर्गठन करके इन्वेंट्री को कुशलतापूर्वक प्रबंधित किया जा सके और मूल्य निर्धारण रणनीतियों की समीक्षा करके उनकी फर्म को भविष्य में प्रमाणित किया जा सके। इसके अलावा इसमें फाइनेंस(वित्त) एवं भुगतान प्रक्रियाओं को समझना और डिजिटल युग के लिए भौतिक दुकान को फिर से बनाना भी शामिल है। यह राज्य और केंद्र सरकार के सलाहकार के रूप में भी काम करेगा, जो विक्रेता समुदाय के सामने आने वाली चुनौतियों पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा।

इस विषय पर इंडिया स्स्ब्ध फोरम के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार ने कहा कि, ई-कॉमर्स ने भारत की रिटेल इंडस्ट्री(खुदरा उद्योग) के लिए व्यापार के दायरे को बढ़ा दिया है। रिटेलर्स को अब बदलती जरूरतों और आज के उपभोक्ता की बढ़ती अपेक्षाओं के अनुकूल होने के लिए आगे बढ़ने की जरूरत है, जो अब ऑनलाइन और ऑफलाइन मोर्चे पर अधिक तेज, बेहतर और अधिक किफायती खरीदारी अनुभव पसंद करते हैं। ऑनलाइन खरीदारी के लिए उपभोक्ताओं का प्रेम और पसंद बहुत अच्छी है और यह विक्रेताओं के लिए अवसर का एक क्षेत्र है।

फ्यूचर प्रूफिंग रिटेल समिट के भागरूप, गुजरात चैप्टर तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर चर्चा करेगा। इसमें ग्राहक संबंधों को फिर से परिभाषित करना, आपूर्ति और मूल्य श्रृंखला लचीलापन और डिजिटल क्रांति को अपनाना शामिल है। यह कोर्टयार्ड बाय मैरियट, सैटेलाइट रोड, अहमदाबाद में एक पूरे दिन के लिए आयोजित होगा, जिसमें व्यापारियों और रिटेलर्स के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं पर तीन पावर पैक्ड वर्कशॉप शामिल होंगे। इसमें रिटेल इंडस्ट्री की प्रतिष्ठित व्यक्तियों जैसे कि, डॉ. अनिल चिन्नाभंडार, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट - स्ट्ररूएंड प्लानिंग, लैंडमार्क ग्रुप; श्री रमेश वेंकट, हेड - इंडस्ट्री पार्टनरशिप लॉजिस्टिक्स सेक्टर स्किल काउंसिल; श्री सचिन कामत, निदेशक, एनरिक सैलून; श्री अजय अग्रवाल, ग्लोबल हेड - रिटेल, निहिलेंट; श्री रजनीश गोयल, चीफ सप्लाय चेइन आफिसर, लिशियस; डॉ अक्षय विजयलक्ष्मी, एसोसिएट प्रोफेसर, मार्केटिंग PhD (मार्केटिंग), PGDM (मार्केटिंग कम्युनिकेशंस) IIM-A; डॉ. वर्षा जैन, प्रोफेसर, इंटीग्रेटेड मार्केटिंग कम्युनिकेशन, MICA; श्री विनोद रमाकन्नन, संस्थापक और CEO, स्पिंटा डिजिटल; श्री सत्य प्रभाकर, संस्थापक और CEO, सुलेखा; श्री मित्तुल पारिख, हेड-ओमनी-चैनल; स्पाइकर जीन्स; श्री आशीष बत्रा, सह-संस्थापक, myPAPERCLIP; श्री विवेक राणा, मैनेजिंग पार्टनर, GnothiSeauton आदि शामिल है। इसके बाद एक परामर्शी राउण्ड टेबल कॉन्फ्रेंस (गोलमेज सम्मेलन) और गुजरात के 80 से अधिक व्यापारी और खुदरा संगठनों के पदाधिकारियों के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी होगी, जिसमें राज्य और केंद्र सरकार से अल्पकालिक और दीर्घकालिक मांगों पर चर्चा की जाएगी। इस शिखर सम्मेलन में रिटेल इंडस्ट्री के विशेषज्ञों और दिग्गजों द्वारा सलाह सत्र और खुदरा विक्रेताओं के लिए अभिनव, उत्पादों और सर्विस(सेवा) का प्रदर्शन भी शामिल होगा जो शिखर सम्मेलन के दौरान समानांतर रूप में चलेगा। इंडिया SME फोरम के गुजरात चैप्टर के अध्यक्ष श्री नीलेश शुक्ला ने कहा कि, हम भारत में MSMEs की आवाज और अभिव्यक्ति बनना चाहते हैं और नीति निर्माताओं के साथ काम करना और एक अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाना चाहते हैं, जो ऑनलाइन व्यापारियों के लिए सबसे बड़ी बाधाओं को दूर करने में मदद करेगा। साथ ही उन्हें अपने व्यापार को राष्ट्रीय स्तर पर और साथ ही साथ सीमा पार विस्तारित करने में सक्षम बनाएगा।